श्रीयुत् महात्मा मोहनदास कर्मचंद जी गांधी ने अपने पत्र यंग इंडिया तारीख ५-३-२५ पृष्ट ७०, कालम दूसरा, पंक्ति ४८ से ६० तक में इस प्रकार लिखा है—

...."though there is officially the CHARVAK School, I do not know that it has any votaries. I deny that Budhists and Jains are atheists or agnostics. The latter they cannot be. Those who believe in the soul as apart from and capable of life independent of and after the dissolution of the body cannot be called atheists. We may all have different definitions for 'God'. If we could all give our own definitions of God, there would be as many definitions as there are men and women. But behind all that variety of definitions there would be also a certain sameness which would be unmistakable. For the root is one. God is that indefinable something which we all feel but which we do not know."

[ङ]

EDUCATION FOR FREEDOM.

(BY T. L. VASWANI.)

...."The current system, specially in areas under official influence and control, is directed-misdirected-by political motives. A school or college should be a temple of culture. As it is, propoganda is often placed above truth. This is specially the case with regard to the teaching of History. A text-book for the matriculation students of the Bombay University refers. I am told, to Tilak, as a 'mischief maker' ! Another text-book in the Punjab University speaks of the great Jain Prophet of 'Ahinsa' Lord Mahavira, in terms which have wounded, I think rightly, the sentiments of the Jain community. In many a subtle way, the impression is created on immature minds that Indians are, essentially, inferior to Englishmen, and that Indian culture and Indian civilization are but poor things compared to Europe's. The ancient past is often ignored or distorted, and when we come to the modern period it is the British who are represented-misrepresented as having been invariably imferior to the Indian. To teach History in this spirit is to weaken the moral fibre of Indian students."....

(New Times, Karachi 16. 5. 25)

भारत का धार्मिक इतिहास।

लेखकः—पं शिवशंकर मिश्र बेथर, उन्नाव।
प्रकाशक—रिखबदास बाहिती एंड कम्पनी कलकत्ता।

यह हिंदी भाषा की पुस्तक १९२३ ई० में प्रकाशित हुई। इस में उन सभी धर्मों का वर्णन है, जो वेद-काल से लेकर आजतक भारतवर्ष में फैले हैं। प्रत्येक धर्म के मूल-प्रवर्त्तक की संक्षिप्त जीवनी और किसी २ का चित्र भी दिया है। पुस्तक अत्यन्त उपयोगी है, परन्तु सर्वथा दोष रहित नहीं है। जैनधर्म के विषय में आपने सब से बढ़कर ऊटपटाँग लिख मारा था और विशेष कर आपने 'आदिनाथ' जी का जो चित्र बनाया था, वह जैनों की मान्यता के सर्वथा विरुद्ध था और बहुत कुछ उपहास जनक भी था।

जैनों के प्रसिद्ध तीन संप्रदाय हैं—श्वेतांबर, दिगंबर और स्थानकवासी। पहले दो मूर्त्तिपूजक हैं, स्थानकवासी मूर्त्तिपूजा नहीं करते। श्वेतांबर मंदिरों में जिन प्रतिमायें सुन्दर आभूषणों से अलंकृत-मुकुटकुंडलादि सहित होती हैं और प्रायः पद्मासन से बैठी होती हैं परन्तु दिगंबर मंदिरों में सद्य-जात शिशु की भाँति नंगी और बिना आभूषणों के। तीनों संप्रदायों के साधुओं के

वेष भूषा में भी महदन्तर है।। श्वेतांबर साधु पीले वस्त्र ओढ़ते हैं और हाथ में एक लंबा डंडा रखते हैं परन्तु दिगंबर साधु नग्न रहते हैं और उनके पास मोर पिच्छी और कमण्डलु के अतिरिक्त और कुछ नहीं होता। स्थानकवासी साधु सफेद वस्त्र पहनते हैं और मुखपर सफेद मुंहपत्ति बाँधे रखते हैं। यह इनकी पहचान है।

पं० शिवशंकर मिश्र जी ने जो चित्र पुस्तक में दिया था वह न जाने उन्हें कहाँ से प्राप्त हुआ था। उस चित्र में दिखाये गये अरिहंत भगवान का सिर मुण्ड मुण्ड था। मस्तक पर अच्छा खासा जैन तिलक था। मुंह पर मुंहपत्ति भी विराजती थी। बदन पर कोट सा भी पहना हुआ था। इससे स्पष्ट है कि वह चित्र किसी भी संप्रदाय को मान्य न था, वरन् सभ्य जनों की दृष्टि में जैन धर्म का खाका उड़ाने वाला था।

यह तो हुआ चित्र का वर्णन। अब वास्तविक लेख की बाबत सुनिये। हम यहाँ पूरा लेख देकर पाठकों को वृथा कष्ट नहीं देना चाहते। यहाँ केवल वेही बातें देदी जावेंगी जिनपर विशेष आपत्ति है।

हमने यह सब दोष पं० शिवशंकर जी को लिख भेजे थे परन्तु उन्होंने पत्र की पहुँच तक न दी। तब विवश हो प्रेस में यह मामला देना पड़ा, जिससे सर्वसाधारण को इस लेख के दोषों का पता लगे। मद्रास से प्रकाशित होने वाले अंग्रेजी

भाषा के मासिकपत्र "जैन गज़ट", फर्वरी मार्च १६२५के अङ्कमें पृष्ठ ५६-५७ पर हमारा जो लेख छपा है उसकी नकल नीच दी जाती है:—

PT. SHIVA SHANKAR MISRA ON JAINISM.

Messrs R. D. Bahite and Co., No. 4, Chorbagan street, Calcutta, have published a book—Bharat ka Dharmik Itihas—by Pt. Shiva Shankar Misra of Bethar [Unao, U. P.]. In this book the author has given the lives and teachings of the founders of different religions found in India, at various times from the Vedic age up to date.

As was necessary he has dealt with Jainism also but it is regretted that the account given by him is, in several respects, wrong and misleading. The author has tried to put before his readers the religion in its simplest form but he has failed. He has not even understood the terms Parigraha, Arihanta, Digambar, Ganadhar, Ganadip and so on.

The following are a few points out of many worthy of reconsidration. He says:—

1. Jainas say that their religion was founded by Rishabhdeva [Adinath] who descended from the Adipurush MANU. But there is no such mention in the religious books of the Aryans.

2. If we take it for granted that Adinath was the originator we must confess then that the people of the ancient Vedic age were so learned and wise that trey did not allow this religion to prosper till the days of Mahavira.

3. The Jains say that the original Vedas were quite different from those that are found now and are preaching brutal actions.

4. In reality Jainism has its origin from ARIHANT.

5. The Arihan preached.

6. He (Arihant) wrote many religious books and established muths here and there so that the people should remain in touch with their religion.

7. Arihanta attained Nirvan (salvation) in B. C. 1567 & 21 tirthankaras succeeded him.

8. Mahavira debated with the Acharya of Budhism and aften winning him put new life into this religion.

9. He (Mavira) let the Onkar mantra remain as it was but also introduced a new Namaskar mantra much resembling the former.

10. Even some Brahmins were converted to

Jainism and Ganadhar and Ganadip are most famous among them.

11. Just after the nirvana of Mahavira Swami his disciples established images of the Tirthankaras and introduced idol--worship among the people so that their faith in this religion might grow greater and greater.

12. They (Digambar monks) remove the cloth when they accept Bhiksha and put it (the cloth) aside when they eat. They put on cloured dress. They follow Budha and not the Arihant.

13. They (Sthanak wasis) consider the Gurus and their worship as of no avail, etc. etc."

The author has been twice requested to quote the books on which his all this knowledge depends but sorry he seems to have paid no heed to the requests, now once more he is requested to reconsider what he has stated above. The Jains would be only too glad to supply him any information he may require if he ever cares to write to them.

B. M. Maudgala.

इसमें दिखाया गया है कि पण्डित जी के लेख में कितनी भूलें हैं। उनमें से कुछ का दिग्दर्शन कराया जाता है:—

१-जैनों का मन्तव्य है कि उनके धर्म के मूल प्रवर्तक श्रीऋषभदेव (आदिनाथ) थे जो आदि पुरुष मनु के वंशज थे। परन्तु आर्यों की धार्मिक पुस्तकों में इस प्रकार का कोई उल्लेख नहीं है।

२-यदि हम यह भी मानलें कि आदिनाथ मूलप्रवर्त्तक थे तो हमें यह स्वीकार करना पड़ेगा कि प्राचीन वैदिककाल के आर्य बड़े बुद्धिमान थे, जो उन्हों ने इस धर्म को महावीर के समय तक सिर उठाने नहीं दिया।

३-जैन लोग कहते हैं कि वेदों की मूल पुस्तकें इन वेदों से जो आजकल प्राप्त हैं, बहुत भिन्न थीं। आजकल के वेदों में हिंसा पाई जाती है।

४-वास्तव में जैनधर्म अरिहंत का चलाया हुआ है।

५-अरहन्त् ने प्रचार किया।

६-उसने (अरिहंत ने) बहुतसी धार्मिक पुस्तकें लिखीं और जहां तहां मठ स्थापित किये जिससे लोग इस धर्म से संलग्न रहें।

७-अरिहन्त १५६७ ई० पू० संवत् में निर्वाण(मुक्ति) को प्राप्त हुये और उनके पश्चात् २१ तीर्थंकर हुये।

८-महावीर का बौद्धधर्म के आचार्य से शास्त्रार्थ हुआ और उनको जीतने के बाद उसने इस धर्म में नई जान डाल दी।

९-उसने (महावीर ने) ओंकार मंत्रको वैसे का वैसा रनेदिया। परन्तु इसके साथ ही इसी से मिलता जुलता नमस्कार मंत्र चलाया।

१०–कुछ ब्राह्मण भी जैनधर्म में दीक्षित हुये और गणधर तथा गणाधिप उनमें से प्रसिद्ध हैं।

१२–महावीर स्वामी के निर्वाण के पश्चात् उसके शिष्यों ने तीर्थंकरों की मूर्तियाँ स्थापित कीं और लोगों में मूर्त्तिपूजा का प्रचार किया, जिससे उनका धर्म अधिक से अधिक फैले।

१३–वह (दिगम्बर साधु) भिक्षा लेते समय वस्त्र को परे हटा लेते हैं और खाते समय परे रख देते हैं। वह रंगदार वस्त्र पहनते हैं, बुद्ध को मानते हैं, अरिहन्त को नहीं मानते।

१३–स्थानकवासी लोग अपने गुरुओं और उनकी पूजाको निरर्थक समझते हैं। इत्यादि।"

हमें संतोष है कि हमारे पूजनीय विद्वद्वर्य विद्यावारिधि श्री चम्पतराय जी, बार-एट-ला हर दोईने इस ओर ध्यान दिया उन्होंने प्रकाशकों को बाध्य किया कि वह इस भद्दे लेख को निकाल कर जैन सिद्धान्तानुसार लेख दरज करें। पुस्तक का दूसरा संस्करण प्रकाशित हो चुका है और अब श्री चम्पतराय जी का लेख पुस्तक की शोभा को बढ़ा रहा है। प्रकाशकों ने भी उनके प्रति कृतज्ञता प्रगट की ही। हम भी इसके लिये बैरिस्टर साहिब को हार्दिक धन्यवाद देते हैं। लेख बहुत लम्बा है इस लिये यहाँ उद्धृत नहीं किया गया। देखने की इच्छा वाले सज्जन उस पुस्तक के पृष्ट ११८ से १३२ तक देख सकते हैं। चित्र बिल्कुल निकाल दिया गया है।

दास्ताने-हिंद, भाग पहला

लेखक { १.खानबहादुर सैयद मक़बूलशाह बी० ए० आई०ई० एस०
इन्सपेक्टर आफ़ बर्नेक्युलर ऐजुकेशन, पंजाब,
२.शेख़ मुहम्मद नाज़िर, बी० ए० बी० टी०

प्रकाशक--अतरचन्द कपूर ऐंडसंज़, लाहौर,

यह पुस्तक उर्दूभाषा में १९२६ ई० में प्रकाशित हुई है। स्कूलों में उर्दू पढ़ने के लिये इसका निर्माण हुआ है। अभी थोड़े दिन हुए श्रीमान् डाइरेक्टर महोदय ने इसे स्वीकृत भी कर लिया है।

इसमें जैनधर्म का वर्णन ठीक वैसा ही भ्रमपूर्ण था जैसा अन्य पुस्तकों में देखा गया है। इसे ठीक कराने के अभिप्राय से निम्नलिखित उर्दू पत्र प्रकाशक महोदय की सेवा में लिखा गया :—

श्री आत्मानन्द जैन सभा,
अम्बाला शहर
२८।२।२७

मान्यवर मैनेजर साहिब फ़र्म अतरचन्द कपूर एण्ड संज़, लाहौर।

आपकी शाया करदा किताब "दास्तानेहिंद-हिस्सा अव्वल", मुसन्निफो खान बहादुर सैय्यद मक़बूलशाह बी० ए०, आई० ई० एस, व शेख़मुहम्मद नाज़िर साहिब, देखी। इसके सफ़हा ६५ पर (भगवान्) "महावीर" के मुतअल्लिक

जो मज़मून है उसके चन्द फिक़रात पर हमें ख़ास एतराज़ है।

आपको याद होगा कि आपकी शाया करदा किताब "हाइरोड्स आफ़इण्डियन हिस्ट्री बुक सैकंड" में इसी क़िस्मका एक मज़मून शाया होगया था, जिसे आपने हमारे एतराज पर और लाला शामचन्दजी की मदाखिलत से, बड़ी मेहरबानीसे बिलकुल तबदील कर दिया था, और जैनधर्म के उसूलों के ऐन-मुताबिक दूसरा मज़मून दरज किया था। तक़रीबन् वही एतराज़ात अब हैं:—

पैरा अव्वल--"और पारसनाथके फिरकेमें शामिल होगया। पैरा २ बिल्कुल ही बेमानी सा है। आप खुद भी अगर बग़ौर पढ़ेंगे तो आपको इस पैरे के बिलकुल मोहमिल होने का यक़ीन होजायगा। इबारत हस्बज़ैल है:—

पारसनाथ जैनमत के असल बानी थे। वर्धमान ने कुछ साल इस गिरोह में गुज़ारे और इस के बाद एक नया फ़िरक़ा क़ायम किया हत्ताकि इस वक़्त तक वर्धमान जैन मज़हब के सर करदा गुरु माने जाते रहे और महावीर के नाम से मशहूर रहे"

ख़ामख़ाह सवाल पैदा होता कि (१) भगवान् महावीर स्वामी ने कौन सा नया फ़िरक़ा क़ायम किया?

(२) अगर भगवान् पारसनाथ जैनमत के असल बानी थे जैसा कि लायक़ मुसन्निफ़ ने पहिले ज़ाहिर किया है और

भगवान् वर्धमान ने कुछ साल इस गिरोह में गुज़ारे और बाद (इस को छोड़ कर) नया फ़िरक़ा क़ायम किया तो वह फ़िरक़ा जैन मज़हब से अलहदा ही तो होगा न ? और अगर ऐसा है तो इस फ़िक़रे का क्या मतलब होगा "हत्ता कि इस वक्त तक बर्धमान जैन मज़हब के सरकरदा गुरु माने जाते रहे"

इस दूसरे पैरे ने तीसरे पैरे को भी बे मानी बना दिया। आप खुद ही अंदाज़ा लगा सकते हैं कि जब, लायक़ मुसन्निफ़ के अपने लफ़्ज़ों में भगवान् महावीर स्वामी के कई साल तक अपने मज़हब की तालीम देते रहने के बाद और बिलाख़िर "जिन" यानी फ़ातह का लक़ब अख्तयार करने पर इसी नाम पर जैन मज़हब मशहूर हो गया तो इस के तो साफ माने यह हो जायंगे कि भगवान् महावीर ने जिस नये फ़िरके की बुनियाद डाली वह तो दरअसल जैन मज़हब है, जो अब तक इसी नाम से मौजूद है, मगर भगवान् पारसनाथ के जिस फ़िरके से उन्होंने कताऽतअल्लुक़ किया वह जैन मज़हब से अलहदा कोई और फ़िरक़ा होगा और यह बात दूसरे पैरे के फ़िक़रा अव्वल के ख़िलाफ़ जायगी। अब रहा यह सवाल कि असल बात क्या है, वह तो यही है जैसा कि हम हाईरोड्स हिस्टरी के मौक़े पर आप के पेशेनज़र कर चुके हैं। यानी यह कि जैन धर्म के बानी भगवान् ऋषभदेव थे जो

जैन धर्म के माने हुये २४ तीर्थंकरों में से अव्वल तीर्थङ्कर थे और भगवान् पारसनाथ जी तेईसवें और महावीर स्वामी चौबीसवें तीर्थंकर थे। और उन्होंने ठीक उन्हीं उसूलों का प्रचार किया जिन का कि भगवान् पारसनाथ जी और उन से पहिले बाईस तीर्थंकरों ने प्रचार किया था। न पारसनाथजी जैन मज़हब के बानी थे और न भगवान् महावीर स्वामी ने जैन धर्म से अलग कोई नया फिरक़ा निकाला।

उम्मीद है कि मन्दरजा बाला अमूर को मद्दे नज़र रखते हुये आप को बमशवरा लायक़ मुसन्नफ़ीन किताब में मंदर्ज मज़मून को दुरुस्त कराने में कोई एतराज़ न होगा। हमारा मनशा इस से महज़ यह है कि तुलबा के दिलों पर ग़लत वाक़यात नक़्श न हों। किसी क़िस्म का झगड़ा करना हमारा काम नहीं और नाही हम इस क़िस्म के बहस मुबाहिसों को पसंद ही करते हैं। अगर आप कम अज़ कम दूसरे एडीशन में भी दुरुस्त मज़मून का दरज़ करना मनजूर करलें तो हमारे लिये मूजिबे इत्मीनान होगा। यह निहायत मुनासिब होगा अगर "हाईरोड" के ही तरमीम शुदह मज़मून का तर्जुमा करके दूसरे एडीशन में दरज कर दिया जावे। क्योंकि वह मज़मून जैन धर्म के आलिमों से वाजिब तौर पर पास हो चुका है और इस में किसी को एतराज़ नहीं होसकता।

उम्मीद वासिक़ है कि निहायत जलदी तसल्ली बख़्श

जवाब मरहमत फ़रमा कर मशकूर फ़रमावेंगे।

न्याज़मंद—गोपीचन्द, एडवोकेट,

प्रेज़ीडेण्ट-श्री आत्मानंद जैन सभा,

अम्बाला शहर।"

हम अतीव प्रसन्न हैं कि प्रकाशक और लेखक महोदय ने हमारे इस प्रस्ताव का समुचित अभिनंदन किया और लेख को हमारी ही इच्छानुसार सुधारने का वचन देदिया है। हम उन को धन्यवाद देते हैं। उनके पत्रों की पूरी नक़ल नीचे दी जाती है:—

UTTAR CHAND KAPUR & SONS

LAHORE.

Dated 1-3-1927

To

L. Gopi Chand Jain, Advocate,

President, Shri Atmanand Jain Sabha,

Ambala City.

Dear Sir,

We are in receipt of your letter dated the 28th ultimo. We are really very glad that you have so kindly pointed out certain objectionable pieces in our Dastan-Hind, part I. We have forwarded your letter to the authors with the instructions to change the chapter on Jainism in the light of High Roads of Indian History-Book II.

We assure you that the chapter will be changed in the next edition to your satisfaction. After the author has revised the chapter, we will send you the Mss for approval before we send it to the Press.

Yours faithfully,
UTTAR CHAND KAPUR & SONS,
BOOK SELLERS.

(८)

Jhang,
Dated the 10th March, 1927.

Dear Sir,

I have read with interest your letter, dated 28-2-27, addressed to Messrs: Uttar Chand Kapoor and Sons who forwarded the same to me for necessary action. I can assure you of the fact that your wishes will be fully carried out when the second edition of the book is published.

I am thankful to you for your kindly pointing out the omission.

Yors Sincirely,
(Sd.) Mohammad Nazir
PERSONAL ASSISTANT,
to D. I. JHANG & Author of 'DASTAN-I HIND'.

To.
Gopi Chand, Esquire, Advocate
and President Shree Atmanand Jain Sabha
AMBALA CITY.

भारत-इतिहास

(ले०—रायसाहब पं० रघुवरप्रसाद द्विवेदी, बी. ए. साहित्यरत्न
जबलपुर, म. प्रां.)

मध्य प्रांत (Central Provinces) में बहुत से स्कूलों में शिक्षा का माध्यम हिन्दी भाषा होजाने के कारण विद्यार्थियों के लिये एक हिन्दी इतिहास की अत्यन्त आवश्यकता का अनुभव करके ही द्विवेदी जी ने यह प्रयास किया है। शेष पुस्तक से हमारा किंचित् सम्बन्ध नहीं। जैनधर्म के विषय में आपका लेख दूसरे बहुतसे लेखकों से अच्छा है। परन्तु इसमें भी कहीं २ भारी दोष आगये हैं, जिनकी ओर द्विवेदी जी का ध्यान आकर्षित किया गया। द्विवेदी जी ने बड़ी सरलता से इन दोषों का निराकरण करना स्वीकार कर लिया है। हमारे और उनके बीच जो पत्र व्यवहार हुआ है, उस की नक़ल नीचे दी जाती है:—

श्री आत्मानन्द जैन सभा,
अम्बाला शहर
२-१-२६

मान्यवर रायसाहब पं० रघुवरप्रसाद जी द्विवेदी,
बी० ए०, साहित्यरत्न,
जब्बलपुर (म० प्रां०)

जयजिनेश्वर देव के अनन्तर निवेदन है कि आपका लिखा हुवा भारत इतिहास देखने में आया। आपने अपने प्रांत के

स्कूलों के लिये यह पुस्तक लिखने में जो परिश्रम किया है वह प्रशंसनीय है, विशेष कर प्रस्तावना के निम्न लिखित वाक्यः- "मुझे इस ग्रन्थ के लिखने के लिये बहुत ही थोड़ा समय मिला है। वास्तव में ८ मास के भीतर ही मैंने इसे समाप्त किया है इस लिये इस में कई प्रकार की त्रुटियां रह जाना अनिवार्य है। जो महाशय उनकी ओर मेरा ध्यान आकर्षित करेंगे उनका मैं अनुग्रहीत होऊंगा और यदि द्वितीय संस्करण होसका तो उन्हें दूर करने की चेष्टा अवश्य करूंगा।"

वास्तव में प्रत्येक लेखक को ऐसे ही अपनी सहृदयता और जिज्ञासुता का परिचय देना चाहिये।

इस में कोई सन्देह नहीं कि लेखक महानुभाव अपनी तरफ से कोई कसर उठा नहीं रखते। फिर भी मनुष्यों द्वारा किये गये कार्य में त्रुटियां रह जाना संभव ही है। हमें खेद है कि आप भी इस सार्वलौकिक सिद्धांत के अनुसार धोका खा गये हैं। यद्यपि आपने लिखा है कि "The views of both the modern orientals cholars and those of the orthodox communities on variens historical points have been stated."

फिर भी हम यह लिखने का साहस करते हैं कि जैनधर्म के विषय में आपने पृष्ठ ३७ से ५६ तक जो कुछ लिखा है वह सर्वथा भूलरहित नहीं। हम आपकी सूचना के लिये नीचे वह स्थल

लिखे देते हैं और पूर्ण आशा है कि आप अपनी सौजन्यता और सहृदयता के भावों को काम में लाकर उन पर ध्यान देंगे और अगले संस्करण में उनको शुद्ध कर देंगे।

(१) पृष्ठ ३७–पंक्ति ८–"ये विद्वान् उपनिषदों से निकले हुये दर्शनशास्त्र के सिद्धान्तों का मनन करते और सर्वसाधारण के कर्म्मकाण्ड से चिढ़ते थे।"

जैन फ़िलासफ़ी एक स्वतंत्र फ़िलासफ़ी है। उपनिषदों का इस पर प्रभाव नहीं पड़ा। जैनियों का दावा है कि उनकी यह फ़िलासफ़ी प्राचीनतम है।

(२) पृष्ठ ३८, अन्तिम ३ पंक्तियाँ:—

"पर कई दार्शनिक ऐसे भी थे जो वेदों को भी नहीं मानते थे। ये नास्तिक कहलाते थे, क्योंकि मनुजी ने वेद के न मानने वाले को ही नास्तिक कहा है।"

(३) पृष्ठ ३९–१–पंक्ति सन् ईस्वी से ५० वर्ष पूर्व दो नास्तिकमतों का ज़ोर दिनों दिन बढ़ता जाता था। ये दोनों जैन और बौद्ध मत थे।"

आपका इन दोनों मतों को नास्तिक कहना सर्वथा अनुचित है। वेदों का न मानना ही नास्तिकता का प्रमाण नहीं हो सकता। Islam, Christianity & Sikhism भी तो वेदानुयायी नहीं और नाही वे वेदों का आदर करते हैं, फिर भी आजकल किसी ने उनको नास्तिक कहने का साहस

नहीं किया। जहाँ तक जैनधर्म का इससे सम्बन्ध है हम आप की सूचना के लिये निम्नलिखित पुस्तकें भेज रहे हैं। इनके अवलोकन से आप को सारा भेद खुल जायगा:—

१–जैनास्तिकत्व मीमांसा। *

२–जैममत नास्तिक मत नहीं है।

३–A Review of Heart of Jainism.

(४) पृष्ठ ३६-दूसरा पैराग्राफ़। "पहले कभी पारसनाथ नामक एक तपस्वी ने.....इन नये पंथ में दीक्षित किया।"

यह गलती केवल आपने ही नहीं की, पहले भी लाहौर के मिस्टर गैरट और अब्दुलहमीद एम० ए० यही गलती अपनी हाई रोड्स आफ़ इण्डियन हिस्टरी में कर चुके हैं। हम ने उस के शुद्ध कराने के लिये अपनी १० मार्च १६२५ की अंग्रेज़ी चिट्ठी प्रकाशित की थी, जिस के उत्तर में डी० पी० आई० (डाईरेक्टर शिक्षा विभाग)की जो चिट्ठियां हमें और पुस्तक प्रकाशकों को प्राप्त हुई उन की नकलें साथ हैं। आप इस से हमारी सफलता का अनुमान कर सकते हैं।

डाइरेक्टर साहेब के आदेशानुसार जो नया शुद्ध लेख उस पुस्तक में लगाया जा रहा है (वह अभी विलायत में छप रहा है) और जो पञ्जाब टैक्स्ट बुक कमेटी से स्वीकृत हो चुका है

* यह तीनों पुस्तकें हमारे यहाँ मिल सकती हैं। –प्रकाशक

उसकी भी एक नक़ल आपकी सेवा में भेज रहे हैं।

(५) पृष्ठ ४० पंक्ति ५—"किसी किसी का कहना है कि बङ्गाल के पारसनाथ पर्वत के शिखर पर १०० वर्ष की पूर्ण अवस्था में वे निर्वाण पद को प्राप्त हुये"—यह सर्वथा अशुद्ध है। जैन धर्म की ऐसी मान्यता नहीं।

"पटना ज़िले के पावा (पावापुरी) नामक स्थान में सन् ईस्वी से पूर्व (सन्) ५२७ में" उनका निर्वाण होना ठीक है और सभी को मान्य है। हमारे सभी ट्रैक्टों पर वीर संवत् (श्री वीर निर्वाण संवत्) छपा है।

दूसरे श्री महावीर स्वामी की आयु ७२ वर्ष की थी १०० वर्ष की नहीं। प्रचलित इतिहास और जैनों का कल्पसूत्र इस बात का प्रमाण है। १०० वर्ष की आयु तो श्री पारसनाथ जी की थी और सम्मेद शिखर पर उन्हीं का निर्वाण हुआ था।

(६) पृष्ठ ४० पैरा दूसरा—"पारसनाथ ने महावीर से २०० वर्ष पूर्व.....(जन्म लिया)"—यहां २०० के स्थान में ३५० चाहिये।

(७) पृष्ठ ४१-पंक्ति २-"खरापन"-यह शब्द ठीक नहीं। जैनों का तीसरा महाव्रत "अदत्तादान" या अचौर्य है, जिस के स्पष्ट अर्थ चोरी न करना है।

(८) पृष्ठ ४१–पंक्ति ६–"श्री देवार्धिगणि सभांत" नामक श्रमण–में श्री देवर्द्धि गणी क्षमा श्रमण चाहिये। भला सभांत भी कभी किसी पुरुष का नाम हुआ है या हो सकता है?

आप इस पत्र से समझ ही लेंगे कि चूंकि हमारा सम्बन्ध केवल जैनधर्म से है, अतः हमें इस सम्बन्धमें जो कुछ अनुचित प्रतीत हुआ हमने लिख दिया है।

अन्य लेखकों की तरह आपने कट्टर सनातनधर्मी होते हुये भी अन्य धर्म प्रवर्त्तकों के लिये शुष्क और तिरस्कार युक्त शब्दों का प्रयोग नहीं किया। इसके लिये हम आपको साधु वाद कहते हैं और आभार भी मानते हैं। हमें आशा है कि आपभी हमारे इस पत्र को उसी प्रकार सच्चे हृदय से स्वीकार करेंगे, जिस प्रकार हमने लिखा है।

ऊपर लिखी पुस्तकों के अतिरिक्त कुछ हैंडबिल और पुस्तकें हम और भेज रहे हैं जिन के अनुशीलन से आपको बड़ा लाभ होगा।

किसी निश्चय पर पहुँचने से पहले यदि आपको और किसी पुस्तक की आवश्यकता प्रतीत हो तो आप निःसंकोच हमें लिखें। हम सब प्रकार की सामग्री आप तक पहुंचाने का प्रयत्न करेंगे। इन पुस्तकों में भी यदि आपको कोई बात भ्रमपूर्ण प्रतीत हो या जिसमें आपको सन्देह हो उसके विषयमें आप सहर्ष हमें सूचना दें।

भवदीय शुभचिंतक–प्रधान

इस के उत्तर में विलम्ब हुआ जानकर हमने श्री द्विवेदी जी को पुनः स्मरण कराया। इस पर उनका निम्न लिखित उत्तर प्राप्त हुआः—

Kasturchand Hitkarini
Sabha High School,

JUBBULPORE,
8--2--1927,

Dear Sir,

I wonder why my post card in reply to yours has not reached you. I sent it just before receipt of your registered letter and hoped that it must have been delivered. I now learn from your post card dated the 5th inst that you have not yet received it. It was addressed to the manager (व्यवस्थापक) the Jain Tract Society, Ambala City, Punjab. Perhaps this address is at the bottom of the non-delivery.

You need not entertain the idea that I have been discourteous to you. I never dreamt of it. The fact is that aince Novr. last I have been dangerously ill and though I am now convalescent I am still very weak and work very little, under medical advice. It is against that advice that I sent you that post card and am writing this letter. When your pamphlets were read here I was not allowed to read them.

Except a few minor points there is nothing serious against Jainism or any other religion in Bharat Itihas. I am, however, prepared to rectify these defects after due consideration in the next edition . This was also your original wish. Where I can not agree with you I will gladly add your opinion in a foot-note.

You have yourself acknowledged that though a Sanatanist I have not been offensive to the Jains or Jainism. In fact I am not a bigot and have the highest respect for each and every faith which leads to higher life. I have some of my best friends and pupils in the Jain community.

I donot see any reason why you should go to the press and not adhere to your previous suggestion that the mistakes or misstatements, as you call them; should be rectified in the next edition of the book.

I shall be glad to hear, if you have any thing more to say on this point. How well disposed I am towards Jainism will appear from the fact that the Jains (mostly Porwars) in Jubbulpore elected me as President of their Hostel Committee and I filled that post for many years. I am still a member of their local organisation.

Yurs truly,

(Sd.) R. P. Duivedi.

इनके पत्र का भावार्थ यह है:—

"……आप यह कभी ख्याल न करें कि मैंने आपसे अनुचित व्यवहार किया है। मुझे तो स्वप्न में भी ऐसा विचार नहीं है। मैं कुछ दिनों से बीमार था। अब यद्यपि कुछ अच्छा हूँ, परन्तु डाक्टरों के कथनानुसार लिखने पढ़ने का कार्य नहीं कर रहा हूँ।

मेरी पुस्तक में कुछ छोटी २ बातों के अतिरिक्त जैन धर्म या अन्य किसी धर्म के विरुद्ध कोई लेख नहीं है। तथापि मैं विचार पूर्वक अगले संस्करण में आपकी इच्छानुसार संशोधन करने के लिये तैयार हूँ। जहां मैं आपसे सहमत न हो सकूँगा मैं सहर्ष नीचे नोट में आपकी सम्मति दरज कर दूंगा

आपने स्वयं इस बात को माना है कि सनातनी होते हुए भी मैंने जैन और जैन धर्म पर कोई आक्रमण नहीं किया। वास्तव में मैं कट्टर नहीं हूँ और सभी मोक्ष-पथ-प्रदर्शक धर्मों के लिये मेरे हृदय में सन्मान है। मेरे बहुत से मित्र और शिष्य जैन धर्मानुयायी हैं।

मैं अखबारों में लिखने लिखाने की कोई आवश्यकता नहीं समझता……

आशा है कि दूसरे संस्करण में यह सब दोष दूर हो जायेंगे।"

हम श्री द्विवेदी जी की सहृदयता और गुण ग्राहकता के लिये

उनको अनेकानेक धन्यवाद देना अपना कर्त्तव्य समझते हैं। हमारा विश्वास है कि यदि सभी लेखक महानुभाव इसी प्रकार सत्य की शोध के लिये तत्पर रहा करें तो हमारी उन्नति कुछ दूर नहीं है।



भारतवर्ष का इतिहास

भाग पहला

(लेखक—लाला लाजपतराय जी)

——o——

आप की पुस्तक में भी जैन धर्म पर बहुत कुछ कीचड़ फैंका गया है। आपके लेख के विरुद्ध यहां से पत्रों में बहुत कुछ लिखा गया, भारी आन्दोलन किया गया, परन्तु अब दो या तीन वर्ष के पश्चात् लाला जी ने कुछ दबी आवाज़ से उन को सुधारने का वचन दिया है। उन की पुस्तक में क्या दोष हैं इस बात का सविस्तर ज्ञान प्राप्त करने के लिए हमारी पुस्तक "लाला लाजपतराय और जैनधर्म" देखिए।

२८-१०-२६ को लाला जी अम्बाला शहर पधारे थे। हम ने उन से मिलकर इस सम्बन्ध में बात चीत करना चाही, परन्तु लाला जी न मिल सके। फिर हमारे और उन के बीच जो पत्र व्यवहार हुआ उस की पूरी नक़ल नीचे दी जाती है।

"मान्यवर श्रीमान् लाला लाजपतराय जी !

जय जिनेश्वरदेव ! अरज़ यह है कि आप अम्बाला शहर में तशरीफ लाये। लोकल जैन बिरादरी के २५ के करीब

नुमाइन्दगान ने बतौर डैप्युटेशन आप से मिलने की ख्वाहिश ज़ाहिर की और आप से मुलाक़ात के लिए वक़्त मांगा। आप ने फ़रमाया कि आप पौने सात बजे शाम तक ठहरेंगे और बाद अज़ां अम्बाला छावनी जावेंगे। आप ने पहिले तो सिर्फ एक ही शख्स को मिलने की इज़ाजत देनी चाही, मगर बाद में हमारे आदमी की दरख्वास्त पर पूरे डेप्युटेशन को ही इजाज़त दे दी जिस के लिए हम मशकूर हैं।

हम पौने छः बजे के क़रीब स्टेशन पर पहुँचे। वहाँ आप मौजूद न थे। आप के मुलाज़िम से दर्याफ्त करने पर पता मिला कि आप हम से कुछ वक़्त पहिले ही बज़ारिया मोटर छावनी तशरीफ ले गये हैं और अपने मुलाज़िम को हिदायत दे गए हैं कि वह असबाब बजरिया तांगा छावनी ले आवे। हमें मायूस वापिस आना पड़ा। लेकिन बाद में यह भी मालूम हुआ आप साढ़े छः बजे के क़रीब भी अम्बाला शहर स्टेशन पर थे। चूंकि वक़्त तंग था, इस लिए हम शरफे मुलाक़ात हासिल न कर सके।

आप को इस मौके पर तकलीफ़ देने का खास मक़सद यह था कि हम यह जानना चाहते थे कि आपने अपनी किताब 'तारीख हिन्द' हिस्सा अव्वल में जैनधर्मके मुतअल्लिक जो कुछ लिखा था और जिस पर जैनियों ने फ़र्दन २ और मुत्फ़िकका तौर पर सख्त एतराज़ किया था उस की दुरुस्ती

के लिए क्या फैसला किया है? आपने वादा किया था कि आप बम्बई की आल इण्डिया जैन श्वेताम्बर कान्फ्रेंस से इस सिलसिले में ख़तो किताबत कर रहे हैं और उन से तसफिया हो जाने पर आप अपना फैसला शाया कर देंगे या दूसरे एडीशन में दुरुस्ती कर देंगे, पस इस वक़्त जबकि मुद्दत हुई कान्फ्रेंस की भी सब कार्रवाई मुकम्मल हो चुकी है और वह किताब की शकल में छपकर शाया भी हो चुकी है और ग़ालिबन आप के पास पहुंच चुकी होगी, हम यह जानना चाहते थे कि अब आप अपने ग़लत बयानात की तरदीद में क्या कहना चाहते हैं। बराय मेहरबानी आप मुफ़स्सिल हालात से आगाह फरमावें अगर आप मुनासिब समझें तो किसी वक्त हमें अम्बाला शहर या छावनी के स्टेशन पर मिलने की इजाज़त दें। हम आप के मशकूर होंगे।

न्याज़मन्द

ह० गोपीचन्द वकील

प्रधान

(लाला जी का उत्तर)

लाहौर, यकम नवम्बर, १९२६।

लाला गोपीचन्द साहिब!

आप की रजिस्टरी शुदह चिट्ठी मुतअल्लिका मेरी तारीखे हिन्द मुझे अभी मिली है, मैं आप को यह इत्तला देना चाहता

हूँ कि मेरी 'तारीखेहिन्द' का पहिला एडीशन ख़तम हो चुका है और मुझे उस का दूसरा एडीशन तैयार करने की फ़ुरसत नहीं हुई। जिस वक्त मैं दूसरा एडीशन तैयार कर के शाया करूँगा, उस वक्त मैं जैनधर्मके मुतअल्लिक जो कुछ मैंने लिखा है उस पर नज़रसानी करके उस में ज़रूरी तबदीलीकर दूँगा। अगली दफ़ा मैं अम्बाला शहर या छावनी आऊँगा तो आप के दर्शन करूँगा।

आपका न्याज़मन्द

ह० लाजपतराय

लाला जी का इस विषय में अंतिम लेख इस प्रकार है:—

"जैन बिरादरी के एतराज़ात मेरे खिलाफ़"

(अज़ लाला लाजपतराय जी)

यह बात मेरे नोटिस में लाई गई है कि जो चन्द बयानात मैंने अपनी तारीख़ हिंद मतबूआ सन् १९२२ ई० में जैन धर्म व जैनियों के संबंध में किये थे, उनकी बिनापर जैनियों को मेरे बरखिलाफ़ मुशतअल करके उनसे चन्द एलान मेरे बरखिलाफ़ निकलवाये गये हैं। यह कार्रवाई उन कौम परस्तों की तरफ से की गई है जिनका अपना मज़हब कुछ नहीं, जैनी होना तो दर किनार। लेकिन मेरा हिसाब साफ़ है, इस लिये मुझे भरोसा है कि जैनी साहबान इस मुआमले में गुस्सा से काम न लेंगे और ज़रा विचार करेंगे कि असल मुआमला क्या है।

मेरी तारीखहिंद सन् १९२२ ई० में शाया हुई थी, जब मैं जेल में था। मैंने उस का मसव्विदा जेल में ही तैयार किया था, ताहम मैं उसके किसी हिस्से की ज़िम्मेवारी से इनकार नहीं करता। जब मैं जेल से रिहा हुआ तो जैनी साहबान ने मेरी तहरीर की बाज़ बातों पर एतराज़ किया जिसका जवाब मैंने एक चिट्ठी के ज़रीये लाला टेकचन्द जैनरल सैक्रेटरी जैन भा, जंडियाला गुरु के नाम भेजा और उसकी नक़ल अख़बार "बंदे मातरम्" मुवर्रिखा १४ अक्तूबर सन् १९२३ में शाया करादी। उन के जवाब के बाज़ हिस्से दर्ज किये जाते हैं। उसमें मैंने तहरीर किया था:—

(१) "मैं जैन बज़ुर्गों के त्याग और जैन धर्म की अहिंसा वृत्ति का मद्दाह हूँ"

(२) अगर धार्मिक सिद्धान्तों के मुतअल्लिक कहीं कोई ऐसा बयान मेरी तारीख़ में मौजूद हो जो हक़ीक़त के ख़िलाफ़ हो और जो आप साहिबान की दिलाज़ारी का मूजिब हुआ हो तो मैं उसकी तलाफ़ी करने के लिये तैयार हूँ। और उसका बेहतरीन तरीक़ा मुझे यह मालूम होता है कि आप इनके मुतअल्लिक एक मुख़तसिर सा बयान लिख कर मेरे पास भेज दें, मैं तारीख़ मज़कूर की दूसरी अशाअत में उसको बतौर नोट आप की तरफ़ से शाया कर दूंगा।"

उसके बाद मैं यकेबाद अज़ दीगरे उन सात एतराज़ात

का हवाला दिया है जो जैनी साहबान ने मेरे बयानात पर किये हैं:—

अव्वल यह है कि जैन मज़हब की बुनियाद महात्मा पारसनाथ जी ने डाली । जैनी साहबान का यह बयान है कि अव्वल बानी जैन धर्म ऋषभ देव जी थे। जैनियों के २४ तीर्थङ्कर हुए जिन में २३ वें महात्मा पारसनाथ जी और २४ वें महावीर स्वामी थे । मुझे इस बयान के दरज करने में कोई एतराज नहीं।

दूसरा फिक़रा जैन धर्म व बुद्ध धर्म के पोलीटिकल असरात के मुतअल्लिक था । इस से मेरा हरगिज़ मनशा यह न था और न है कि जैन धर्म की तौहीन की जावे. अपनी किताब सुफहा १८१ पर मैंने यही राय वेदांत के मुतअल्लिक भी ज़ाहिर की है।

(३) एतराज़ यह था कि मैंने लिखा है कि जैन धर्म की तालीम बुद्ध धर्मके मुशाबह है। इसमें मुझे कोई अमर क़ाबिले एतराज़ मालूम नहीं होता।

(४) चौथा एतराज़ इस बयान पर था कि जैनी ईश्वर की हस्ती नहीं मानते। जैनी साहबान कहते हैं कि हम ईश्वर की हस्ती तो मानते हैं. मगर उसको कर्त्ता नहीं मानते। यह सबाल सिद्धान्त का है इस में कोई अमर दिलाज़ारी का नहीं और न मुझे इस में कोई दख़ल देने की ज़रूरत है।

(५) बुद्ध धर्म के साथ २ जैन धर्म शुरु हुआ,-इस की तशरीह फ़िक़रा नं० १ में हो गई।

(६) ज्यादहतर एतराज़ इस फ़िक़रे पर था मैंने इस के मुतअल्लिक यह तहरीर किया था:—

जैनियों का सब से बड़ा अखलाकी उसूल है कि कोई किसी को तकलीफ़ न दे। इस उसूल को जैनियों ने इस दरजे तक पहुँचाया है कि जैनी होना बाज़ लोगों की निगाह में पूरे दरजे की बुज़दिली है। लेकिन जैनी विद्वान् धर्मयुद्ध में लड़ने को पाप नहीं समझते।"

मैंने इसके जवाब में यह अरज़ किया था कि मैंने यह ख़्याल सिर्फ चंद आदमियों की निसबत मनसूब किया है। और अपना ख्याल जाहिर नहीं किया। मेरा मतलब हरगिज इस फ़िक़रे से यह न था कि मैं जैनियोंकी तौहीन करूं क्योंकि मैंने इसके साथ ही यह भी लिख दिया था कि जैनी साधु बाक़ी तमाम फिरक़ों के साधुओंके मुक़ाबिले में ज्यादह रास्त-बाज़, ज्यादह त्यागी और ज्यादह बे गरज़ हैं"

इससे मालूम होगा कि जैनी साधुओं व बज़ुर्गों के लिये मेरे दिल में किस क़दर श्रद्धा भक्ति है। मैं किसी की भी दिलाज़ारी करना नहीं चाहता और मुझे इस फ़िक़रे को दूसरे एडीशन में से निकाल देने में कोई एतराज़ न होगा।

नं० ७ की बाबत मैं इसब जैल लिख चुका हूँ:-

"मैं इस फ़िक़रे को निकालने के लिये तैयार हूँ, क्योंकि मैं यह दुरुस्त ख्याल नहीं करता कि चंद अफ़राद की कार्रवाई से तमाम जमाअत को मत्तऊन क़रार दिया जाये। यह फ़िक़रा सहवन लिखा गया है।"

यह तमाम फ़िक़रात अक्तूबर, १९०३ के ख़त में दरज हैं। असल वजह जैनी साहिबान की ख़फ़गी की यह है मैंने अभी तक दूसरी एडीशन शाया करके यह दुरुस्तियां नहीं कीं। जिसका सबब यह है कि मैं इस अरसा में ज्यादहतर बीमार रहा और अदीमउल फ़ुरसत भी रहा। मेरी किताब का हिंदी एडीशन ख़तम हुए ज़ायद अज तीन साल हो चुके हैं। उर्दू की भी सिर्फ चंद कापियां बाक़ी हैं। नया एडीशन शाया न करने से मेरा अपना नुक़सान हो रहा है। मैं पुरानी तारीख को दो बारह इसी शकल में शाया करना नहीं चाहता, क्योंकि जदीद तहक़ीकात से कई ऐसी बातें मालूम हुई हैं जिनका नए एडीशन में दरज करना या जिनके हवाले से मज़मून किताब का दुरुस्त करना ज़रूरी है।.....

...मैं तो इस वक्त किसी मजहबी सोसायटी का मेम्बर नहीं हूँ और मेरे लिये हिन्दू क़ौम के सब फ़िरक़े व संप्रदाय क़ाबिले इज्ज़त हैं, मैं सब की ख़िदमत करना चाहता हूँ, किसी की दिलाज़ारी करना या किसी के खिलाफ़ ताअस्सुब फैलाना

मेरा काम नहीं। मैं इसको सख्त नफ़रत की निगाह से देखता हूँ।

'बंदेमातरम्' लाहौर
१६-११-२६ पृष्ठ ७

राक़म—
लाजपतराय।

लाला जी का अन्तिम पत्र ६-१२-२६ "बन्देमातरम्" में इस प्रकार छपा है:—

"पंजाब के हिन्दू वाटरों की ख़िदमत में मेरा शुकरिया"

(अज़ लाला लाजपतराय जी)

".....मुख्तलिफ़ मुक़ामात पर मेरे दोस्तों ने मेरे लिए काम किया, उन का मैं अज़हद मशकूर हूँ। इस हलक़े में मेरे जैनी भाइयों का मुझ से मुशतअल करने की बहुत कोशिश की गई जिस में किसी क़दर कामयाबी मेरे मुख़ालिफ़ को हुई। जैनियों से मेरा कोई पोलिटिकल इख्तिलाफ़ नहीं। अपनी मुअल्लिफ़ा तारीख़ हिन्द में जो नुक़्ताचीनी मैंने उन के मज़हब पर की है, उसकी बिना पर उन का मुझ से नाराज़ी है जो सन् १६२२ से चली आती है। मैंने १६२३ में इसका जवाब दे दिया था और जिस क़दर हिस्सा ग़लत था उस की ग़लती या नामुनासिबपन को तसलीम कर लिया था। इस मौक़े पर बहुत से बरगज़ीदा जैनी लीडरों को एक पोलिटिकल जद्दोजहद में इस नाराज़ी को लाना बुरा मालूम हुआ और उन्होंने अपने हम मज़हब भाइयों को यह अमर जतलाया। ताहम

मेरे मुख़ालिफ़ फ़रीक़ के बोर्डरान की माक़ूल तादाद इस मज़हब से ताअल्लुक़ रखनेवालों की है। मैं अपने जैनी भाइयों को यक़ीन दिलाता हूं कि उन के इस फ़ेल से मेरे दिल में उन की तरफ़ से कोई नाराज़गी नहीं है। मैं उन का सच्चा दोस्त हूँ हमेशा से था और हमेशा रहूंगा और अगर उनको ख़ास तौर पर कभी मेरी ख़िदमत की ज़रूरत हो तो मैं इस को तनदही से बजा लाऊँगा। जिस क़दर ग़लती मैंने तसलीम की है, उस की तलाफ़ी भी मैं ज़रूर कर दूँगा। इस लिए नहीं कि कभी फिर शायद मुझे उन की इमदाद की ज़रूरत हो बल्कि इस लिए कि ख़िदमतगुज़ारी और इक़बाल ग़लती और ग़लतीके लिये तलाफ़ी करना मैं अपनाधर्म समझता हूँ। जिन जैनी बज़ुर्गों ने उसूलन् इस मौक़े पर मेरी मदद की उनका मैं दिल से मश्कूर हूँ।"

इस पत्र से तो कुछ संतोष होता है। आशा है कि लाला जी शीघ्र ही इन त्रुटियों को दूर कर देंगे।

(६)

भारतवर्ष का इतिहास—भाग पहला

(लेखकः—श्रीयुत ब्रजमोहनलाल शर्मा)



भारत इतिहास की यह पुस्तक हाल ही में (१९७) में नवल किशोर प्रेस' लखनऊ से प्रकाशित हुई है। पुस्तक हिंदी भाषा में है। इसके लेखक हैं श्री ब्रजमोहन शर्मा एम० ए०, बी० एस० सी०, एम० आर ए० एस०।

आपकी पुस्तक में भी जैन धर्म का वर्णन सर्वथा दोष रहित नहीं है। इस में क्या त्रुटियां हैं, यह निम्न लिखित पत्र से जो लेखक महोदय की सेवा में लिखा गया था, विदित हो जायगा।

श्री आत्मानंद जैन सभा
अंबाला शहर।
१५-६-२७

श्रीयुत ब्रजमोहन शर्मा, एम० ए०, बी० एस० सी०,
एम० आर० ए० एस०
C/o मैनेजर, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ।

श्री मान् जी, जय जिनेश!

आपका "हाई स्कूल कक्षाओं के लिये" लिखित "भारत वर्ष का इतिहास—प्रथम भाग" देखने में आया।

न जाने क्या कारण हैं कि भारतवर्ष के इतिहास में जैन धर्म के साथ बहुत कम न्याय का बर्ताव होता है । इतिहास लेखक बिना देखे भाले पाश्चत्य विद्वानों के लेखों का, जिनका भ्रम पूर्ण होना कोई आश्चर्य की बात नहीं, अनुवाद करडालते हैं और स्वयं वस्तुस्थिति का विचार करने, नई नई खोजों से लाभ उठाने और मध्यस्थ भाव से उस के गुण दोषों का विचार करने का कष्ट नहीं उठाते । शोक है कि हमें आप की पुस्तक को भी इसी श्रेणी में रखना पड़ता है । क्यों ? सुनिये ।

कुछ लिखने से पहिले हम यह साफ २ बता देना चाहते कि इस पत्र द्वारा आप को नितान्त सत्य बातें बतला कर उन को अपनाने के लिये आप से सविनय अनुरोध करना ही हमारा अभिप्राय है, इस के अतिरिक्त कुछ नहीं । हमें पूर्ण विश्वास है कि आप उसी सद्भाव से हमारे शब्दों पर विचार करेंगे-जिस से यह पत्र लिखा गया है ।

आप ने पृष्ट ६६ से ८२ तक बौद्ध और जैन मत का वर्णन किया है । उस में निम्न लिखित वाक्य भ्रमास्पद और संशोधनीय हैं

[redacted] उस बालक ने पारसनाथ नामक साधु के [redacted] किया । कुछ समय तक इस पंथ में रहा परन्तु उस के हृदय को शांति न मिली और उक्त पंथ को छोड़कर नवीन पंथ चलाने के कार्य में निमग्न हो गया । उस समय

वर्धमान की आयु ४० वर्ष के लग भग थी। धीरे २ उस के शिष्य बन गये। वर्धमान ने जो मत चलाया वह जैन धर्म के नाम से विख्यात हुआ.....(पृष्ठ ६६, पंक्ति १७)

२—ये २४ जिन की पूजा करते हैं और ईश्वर में विश्वास नहीं करते। पृष्ठ ७७ पंक्ति ११, पृष्ठ ८० पंक्ति, १६

३—दोनों ही मत लगभग एक ही समय पर और एक ही प्रदेश से आरंभ हुए (पृष्ठ ८० पंक्ति १५)

४—निर्वाण के अर्थ के अतिरिक्त जैनीलोग नितांत नास्तिक हैं (इस वाक्य का आशय हमारी समझ में कुछ नहीं आया)

इन आक्षेपों का सविस्तर उत्तर देने की कदाचित आवश्यकता नहीं, निम्न लिखित पुस्तकें आप की सेवा में भेजी जाती हैं। इन के अवलोकन से आप के सभी संशय दूर हो जावेंगे, ऐसा हमें निश्चय है।

मैं यह भी बता देना चाहता हूँ कि कदाचित यही आक्षेप दूसरे तीन चार इतिहासों में भी देखने में आये हैं। उनसे पत्र व्यवहार किया गया और उन सबने या तो इन्हें हमारी इच्छानुसार शुद्ध कर दिया है या ऐसे [redacted] दिया है। यहां तक कि पञ्जाब के शिक्षा [redacted] बातको सुन कर हमें आभारी किया है। यह [redacted] पुस्तकरूप में छप रहा है।

आशा है कि आप भी ऐसा ही बर्ता
यता का परिचय देंगे।

भवदीय—

गोपीचन्द, प्रधान

इस पत्र का जो उत्तर प्राप्त हुआ है उसकी नक़ल भी
दीजाती है:—

GANESH GANJ,

LUCKNOW, 24-9-27

Dear Sir,

When I came down from the hills I got your letter of the 15th June, 27, and a parcel containing a few pamphlets As I was busy writing part II of my History of India I could not go through these pamphlets.

I am now in receipt of your reminder of the 18th instt: I shall very soon read the pamphlets carefully and then send you a detailed reply. I have only read them here [illegible] and am afraid I do not find any thing [illegible] change my views as I have expressed them [illegible] my book part I.

Weuld you please let me know clriefly and dearly what particular expressions you consider untrue in

Psrt I, about the doctrines of

With best regards

Yours Sincerely,

भावार्थः—आप का पत्र और पुस्तकें मिलीं। इनको मैं भली भाँति पढ़ नहीं सका। इनको पढ़ कर मैं शीघ्र ही सविस्तृत उत्तर दूँगा। अभी तक तो मुझे कोई ऐसी बात नज़र नहीं आई जिससे मैं अपने विचारों में कुछ परिवर्तन करूं। आप मुझे संक्षेप में भूमात्मक स्थल लिख भेजिये, मैं सहर्ष विचार करूंगा।"

अभी इनके साथ पत्र व्यवहार हो रहा है। हमें आशा है श्रीयुत् शर्म्मा जी अवश्य ध्यान देंगे।

(प्रधान)